Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7592	27.07.2023	27.07.2023	Jammu Jammu & Kashmir	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/jammu/jammu-dehat-news-jammu-news-c-274-1-rsp1001-147-2023-07-27
Title:	**17 cases of hepatitis registered, 5 new cases came on Wednesday in Jammu, Jammu & Kashmir**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Jammu, SSU- Jammu & Kashmir			

अरनिया कस्बे में हेपेटाइटिस के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार देर शाम तक कुल 17 मामले हेपेटाइटिस के दर्ज किए गए हैं, जिसमें बुधवार को 5 नए मामले सामने आए हैं । बुधवार को प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर के कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें 100 के करीब लोगों ने अपने बच्चों का चेकअप करवाया, जिसमें से 5 बच्चों को वायरल हेपेटाइटिस दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी ओर 4 बच्चों के मामले स्वस्थ हो चुके हैं। इससे एक राहत की सांस ली जा सकती है। बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर को लगातार 5 दिन के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में बैठना अनिवार्य कर दिया गया है ताकि हेपेटाइटिस से बच्चों को निजात दिलाई जा सके।

वहीं दूसरी ओर अरनिया में जल शक्ति विभाग के ट्यूबवेल नंबर 1 और 2 के पानी को जीएमसी जम्मू और गांधीनगर अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा अयोग्य करार दिया गया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में दर्शाया है कि पानी में संक्रमण की वजह से हेपेटाइटिस के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है और यह पानी बिल्कुल पीने लायक नहीं है। वहीं दूसरी ओर जल शक्ति विभाग द्वारा बुधवार को भी लीकेज वाली पाइप का मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट आने के बाद भी लोगों को उन्हीं पाइप के जरिए पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में मामला और गंभीर हो सकता है। वहीं दूसरी और महामारी को मद्देनजर आशा वर्कर द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है जिन घरों में बच्चों को पेट दर्द दस्त उल्टी या बुखार की शिकायत हो रही है तो तुरंत उनका स्वास्थ्य चेक करवाया जा रहा है और उसके बाद उनके घर वालों को परहेज करने की सलाह दी जा रही है। आशा वर्करों द्वारा लोगों को

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

जागरूक भी किया जा रहा है जिसमें उन्हें बताया जा रहा है कि पानी उबालकर पीना अनिवार्य हो गया है। इसके अलावा अपने आसपास साफ सफाई रखें। किसी भी बीमार बच्चे की जद में दूसरे बच्चे को ना आने दे। इस मुद्दे पर बीएमओ शमीम अहमद चौधरी ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी विभाग की तरफ से क्षेत्र में ट्यूबवेल के पीने का पानी अयोग्य करार दिया है। इसलिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह पानी को उबालकर पीना अनिवार्य करें। उन्होंने बताया कि बुधवार को बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टर प्राइमरी चिकित्सा केंद्र में बैठे थे। निरंतर बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप किया जा रहा है। इस मुद्दे पर जल शक्ति विभाग के जूनियर इंजीनियर राजेश रतन ने बताया कि वीरवार से लीकेज वाली पाइप का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए जरूरी सामान और वेल्डर को आगाह कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर रोजाना पानी की टंकी में ब्लीचिंग पाउडर दिया जाएगा, जिससे पानी की गुणवत्ता ठीक हो सके और संक्रमण का खतरा ना बने।

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC